Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to take over the work of Belharna Hydro Reservoir in Banka Parliamentary Constituency, Bihar by the Central Government with a view to ensure its early completion.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांका के बेलहर प्रखंड में बेलहरणा जलाशय कई सालों से बन रहा है, 70 प्रतिशत बन भी गया है, परन्तु बिहार राज्य में धन अभाव के कारण इस जलाशय को पूरा नहीं किया जा सका एवं अभी भी अधूरा पड़ा हुआ । इसमें जो उपकरण और सामान लगा है, वह बर्बाद भी होने लगा है। इससे राट्र की सम्पत्ति की ही क्षति है। इस जलाशय से बेलहर, संग्रापुर, तारापुर प्रखंड, टटिया बम्बर इत्यादि प्रखण्डों को बहुत ही फायदा होगा। इन प्र ाखंडों में आदिवासी लोग बहुत तादाद में हैं, जिन्हें सिंचाई व्यवस्था मिलेगी और उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाया जा सकता है।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जलाशय को केन्द्र सरकार अपने हाथ में लेकर पूरा करवाये, जिससे यहां के लोगों को सिंचाई व्यवस्था की सुविधा प्राप्त हो सके।